




# गौड़ ब्राह्मण संघ ने मनाया होली मिलन और गणगौर उत्सव

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

बेंगलूरु। गौड़ ब्राह्मण संघ (कर्नाटक) द्वारा शहर के जयनगर स्थित महाराजा अग्रसेन भवन में रविवार को होली मिलन व गणगौर उत्सव का आयोजन किया गया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि राधेश्याम शर्मा की अध्यक्षता में संस्थापक सदस्य कैलाश गौड़, राजाराम, नंदलाल इन्दोरिया, संघ के अध्यक्ष चुन्नीलाल नाथोलिया, सुरेश शर्मा, जुगलकिशोर शर्मा , सुरेश शर्मा (रिचा सिल्क), देवेंद्र गौड़, मुकेश शर्मा, महेश शर्मा, पवन शर्मा, संदीप नाथोलिया, संदीप जोशी, कोषाध्यक्ष दिनेशचंद्र उपाध्याय, अरुण शर्मा ने संघ के प्रति अपने विचार प्रकट किए तथा सभी संघ के सदस्यों को होली की शुभकामनाएं दी। महिला समिति द्वारा हंसा शर्मा, संगीता शर्मा, सरिता शर्मा, कुसुम शर्मा, पूजा शर्मा एवं अन्य महिलाओं ने राधा कृष्ण की झांकी के साथ फूल गुलाल से होली खेली।

महिलाओं ने गणगौर पूजन कर गीतों की प्रस्तुति दी। कार्यक्रम में स्वाति शर्मा, कनक शर्मा, विनोद मिश्रा, रामू सिसोदिया म्यूजिकल ग्रुप के सदस्यों ने होली के गीतों की प्रस्तुति देकर पूरे माहौल को होलीमय बना दिया। सुविधा शर्मा ने संचालन किया। सचिव अनिल शर्मा ने सभीर को धन्यवाद दिया। विभिन्न व्यवस्थाओं में बिमल सुरोलिया

## अमावस्या महाप्रसादी

दक्षिण भारत राष्ट्रमत




बेंगलूरु के मैसूर बैंक सर्कल स्थित हनुमान मंदिर के प्रांगण में गुरु गणेश सेवा समिति कर्नाटक द्वारा 71वीं अमावस्या महाप्रसादी का वितरण किया गया, जिसमें लगभग 4500 से भी अधिक जरूरतमंदों को भोजन का वितरण कराया गया। चुकीकंवर, कमलेश, आदित्य तालेड़ा परिवार के सौजन्य से आयोजित इस अन्नदान में चेयरमैन गौतमचंद धारीवाल, अध्यक्ष किरणचंद बोहरा, उपाध्यक्ष अशोकचंद कोठारी,कोषाध्यक्ष मनोहरलाल बाफना, महामंत्री उगमराज चौपड़ा, सहमंत्री महेंद्रकुमार मेहता, राजेश कात्रेला सहित अनेक सदस्य ने अपने हाथों से मानवसेवा की। इस मौके पर लाभार्थी परिवार का सम्मान किया गया।



# संघ के उत्थान के लिए धर्म और समाज को एक ही समझना होगा : आचार्य विमलसागर

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

बेंगलूरु। शहर के श्रीरामपुरम स्थित शांतिनाथ जैन मंदिर व जैन स्थानक पहुंचे आचार्यश्री विमलसागरसूरीश्वरजी व पदमविमलसागरजी का संघ के सदस्यों ने स्वागत किया।

इस मौके पर आचार्यश्री ने प्रवचन में जैन धर्म की महिमा एवं उनके अनुसरण के बारे में बताते हुए कहा कि आज के इस वातावरण में संघ को नई सोच एवं नई दिशा के साथ आगे चलकर संप्रदायवाद भूलकर एकता का संदेश प्रदान करना चाहिए। आचार्यश्री ने कहा कि आपके पुरुषार्थ में कोई कमी नहीं है लेकिन विजन की कमी है व आप एक्शन समय पर नहीं ले पाते हैं जिससे संघ के कार्य में अवरुद्धता आती है। हमें धर्म और समाज को एक ही समझना चाहिए, तबही संघ का उत्थान हो सकता है। संघ उत्थान के लिए हमेशा हमें निरतंर प्रयत्नशील रहना चाहिए, वरना समाज धर्म विमुख हो जाएगा। संघ अध्यक्ष व चेयरमैन शांतिलाल खिंवेसरा सभी का स्वागत किया तथा नरेन्द्र आच्छा ने धन्यवाद दिया।




# विश्व स्वास्थ्य दिवस पर आयोजित हुआ तनाव प्रबंधन प्रशिक्षण सत्र

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

बेंगलूरु। जूनियर चेम्बर इंटरनेशनल बेंगलूरु गार्डन सिटी ने विश्व स्वास्थ्य दिवस के उपलक्ष्य में लाइफ कोच शिवानी के नेतृत्व में 'तनाव प्रबंधन प्रशिक्षण सत्र' का आयोजन किया। इस मौके पर प्रोजेक्ट कार्यकारी रोहन कानूंगा, प्रोजेक्ट हेड अभिषेक बोहरा, व्यक्तिगत विकास उपाध्यक्ष प्रतीक कानूंगा, संस्थापक अनीश कुमार और अध्यक्ष चेतन पोरवाल सहित कुल 25 सदस्यों ने तनाव को कम करने व दैनिक जीवन में तनाव प्रबंधन के लिए व्यावसायिक रणनीतियों के बारे में सिखा।

## अमावस्या अन्नदान

दक्षिण भारत राष्ट्रमत



सोमवती अमावस्या के उपलक्ष में जैन सेवा मंडल बेंगलूरु केन्ट के सदस्यों ने महेन्द्र श्रीश्रीमाल परिवार के सौजन्य से तिम्मैया रोड स्थित किशनलाल फूलचंद लुनिया मेटरनिटी होम के सामने अन्नदान का आयोजन किया। चांदमल सियाल, शांतिलाल चुतर, महावीरचंद गादिया, उत्तमचंद लुनावत, अशोक रांका, इंदरचंद भीलवाडिया, अशोक खिंवसरा, राजेश सोलंकी आदि अन्य सदस्यो ने अन्नदान सेवा में सहयोग किया।




# नवरतनमल बने पीपाड़ शहर महासंघ के अध्यक्ष, अरविंद बने मंत्री

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

बेंगलूरु। पीपाड़ शहर जैन महासंघ, बेंगलूरु का होली स्नेह मिलन एवं वार्षिक साधारण सभा का आयोजन हीराबाग में किया गया जिसमें पुरानी कार्यकारिणी समिति का सम्मान व वर्ष 2024-26 के लिए नई कार्यकारिणी समिति का गठन किया गया। नई कमेटी में चेयरमैन एवं मार्गदर्शक शांतिलाल खिंवसरा, नेमीचंद चोरड़िया, हुकमीचंद कांकरिया, अध्यक्ष नवरतनमल समदरिया, उपाध्यक्ष चंदूलाल गांधी, उपाध्यक्ष ललित बाफना, मंत्री अरविंद भंडारी, सहमंत्री पदम खारीवाल, कोषाध्यक्ष ड्मनोज समदरिया नियुक्त किए गए। नव नियुक्त अध्यक्ष नवरतनमल समदरिया का पदाधिकारियों ने सम्मान किया। संचालन महावीर कांकरिया ने किया।



# 'जीतो' साउथ महिलाओं ने सीखी मंच संचालन की बारीकियां

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

बेंगलूरु। शहर के जीतो साउथ लेडीज़ विंग द्वारा कौशल विकास कार्यक्रम के अंतर्गत 'मंच पर संचालन करने की कला प्रशिक्षण' के पांच दिवसीय कार्यक्रम में 35 सदस्याओं ने भाग लिया। चेयरपर्सन सुनीता गांधी ने सभी सदस्याओं का स्वागत करते हुए मास्टर ऑफ पब्लिक स्पीकिंग व मंच संचालन करने की कला के प्रशिक्षण को सुनहरा अवसर बताया। उन्होंने केकेजी जॉन द्वारा सर्वश्रेष्ठ कौशल जानकारी हेतु प्रदत अवार्ड के लिए जीतो साउथ लेडीज विंग की टीम को शुभकामनाएं दी।

उपचेयरपर्सन बबिता रायसोनी ने कार्यक्रम का संचालन किया। उन्होंने सभी प्रतिभागियों का उत्साहवर्धन किया। महामंत्री मोनिका पिरगल ने शुभकामनाएं दी। परियोजना संयोजिका निधि पालरेचा ने व्यवस्था संभाली एवं सहसंयोजिका प्रिया गांधी ने प्रशिक्षक हितेश गिरिया का परिचय दिया। मंच संचालन का प्रशिक्षण देते हुए हितेश गिरिया एवं नेहा चौधरी ने मंच संचालन की बारीकियां समझाई। उन्होंने समूह गतिविधियों के माध्यम से प्रतिभागियों में आपसी सामंजस्य एवम मेलमिलाप करवाया। इस अवसर पर जीतो लेडीज़ विंग उपाध्यक्ष प्रभा गुलेच्छा, सहमंत्री नीलम ललवानी, संगीता पारख तथा मैनेजिंग कमिटी सदस्य अस्मिता चौहान, साक्षी नाहर, रेखा जैन, नंदा मेहता, निशा जियानी उपस्थित रही।



# परिज्ञा शिविर में मिले संस्कारों द्वारा जीवन को सद्गुणों से सुवासित करें : साध्वी अर्चनाश्रीजी

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

बेंगलूरु। स्थानीय जैन स्थानक विल्सनगार्डन में जैन श्रावक संघ द्वारा महत्तम महोत्सव के अंतर्गत आयोजित समता संस्कार परिज्ञा शिविर में विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए साध्वी अर्चनाश्रीजी ने कहा कि जगत के समस्त संसारी जीवों में मनुष्य सर्वश्रेष्ठ है। सभी जीवों में एकमात्र मनुष्य ही है जो सर्वश्रेष्ठ साधना करके आत्मा से परमात्म अवस्था को प्राप्त कर सकता है। परिज्ञा शिविर में मिले संस्कारों द्वारा जीवन को सद्गुणों से सुवासित करें। उन्होंने कहा कि बाल्यावस्था में जो नैतिक एवं धर्म संस्कार बालकों को प्राप्त हो जाते हैं, वे संस्कार उनके पूरे जीवन में उन्नति के पथ पर अग्रसर करने में सहायक होते हैं। जीवन के हर कार्य में विनय और विवेक होना चाहिए, जिससे वह कार्य सम्यक परिणाम देने वाला होता है। जीवन की सच्ची सफलता प्राप्त करना है तो हमें जीवन में दुर्व्यसनों से दूर रहना चाहिए। इस अवसर पर साध्वी अर्चनाश्रीजी, मल्लिप्रज्ञाश्रीजी, प्रतिष्ठाश्रीजी, रुचिताश्रीजी ने 5 दिवसीय समता संस्कार शिविर 'परिज्ञा शिविर' में लगभग 180 शिविरार्थियों को सार्थक जीवन जीने का मार्गदर्शन एवं प्रशिक्षण दिया।

इस पंच दिवसीय शिविर का समापन समारोह में विल्सनगार्डन संघ के संरक्षक शांतिलाल सांड, देवीचंद बोहरा, प्रकाशचंद बम्ब, धर्मीचंद खारीवाल, चेयरमैन मीठालाल मकाणा, अध्यक्ष नेमीचंद भंसाली, मंत्री सज्ज्ञनराज बोहरा, साधुमार्गी जैन संघ बेंगलूरु के मार्गदर्शक कमल सिपानी, अध्यक्ष सुंदरलाल सिपानी, मंत्री महावीरचंद चोपड़ा, कोषाध्यक्ष सुशील बरमेचा, महत्तम महोत्सव राष्ट्रीय समिति के किशोर कर्नावट, मोहनलाल चोपड़ा, सुनील नंदावत, कुलदीप नंदावत आदि की उपस्थिति रही। इस मौके पर अनेक सदस्य, महिला मंडल की सदस्याएं, विल्सनगार्डन जैन युवा संगठन के पदाधिकारी उपस्थित थे। कार्यक्रम का संचालन संघ के मंत्री सज्ज्ञनराज बोहरा ने किया।

# विप्रो के नए सीईओ के सामने कंपनी में नई जान डालने की चुनौती

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

बेंगलूरु/नई दिल्ली। सूचना प्रौद्योगिकी (आईटी) कंपनी विप्रो के नए मुख्य कार्यपालक अधिकारी (सीईओ) श्रीनिवास पल्लिया को कंपनी में नई जान डालने के साथ ही प्रमुख पदों पर आसीन लोगों को बनाए रखने और मनोबल बहाल करने की मुश्किल चुनौती का सामना करना होगा।

उद्योग जगत के जानकारों का मानना है कि विप्रो आने वाले समय में कमजोर वैश्विक संकेतों के बीच मुश्किल कारोबारी हालात से गुजर सकती है लिहाजा शेयरधारकों के भरोसे को बनाए रखना भी पल्लिया के लिए खासा अहम होगा।

पल्लिया ने पांच साल से सीईओ के पद पर तैनात थिएरी डेलापोर्टे के इस्तीफे के बाद घरेलू आईटी कंपनी का नेतृत्व संभाला है। वह लंबे समय से विप्रो से जुड़े रहे हैं और इसके आंतरिक परिचालन और कारोबारी परिवेश से अच्छी तरह परिचित हैं। एचएफएस रिसर्च के सीईओ फिल फर्शट ने एक बयान में कहा, बीते एक साल से विप्रो का मनोबल गिरा हुआ है और नेतृत्व में इस बदलाव की उम्मीद छह महीने पहले से की जा रही थी। उन्होंने कहा कि नए सीईओ को अपनी योजनाओं को जल्द लागू करना होगा, कंपनी को नए सिरे से दिशा देनी होगी, और प्रमुख हितधारकों को यह विश्वास दिलाना होगा कि वह नेतृत्व के लिए सही विकल्प हैं।

निर्मल बंग इंस्टिट्यूशनल इक्विटीज के सलाहकार एवं शोध विश्लेषक गिरीश पई ने कहा कि वरिष्ठ अधिकारियों के जाने से वृद्धि में आई सुस्ती को दूर करने के लिए पल्लिया को शीर्ष स्तर पर मजबूती देने के लिए आगे बढ़कर नेतृत्व करना होगा।

पई ने कहा, पांच साल के लिए सीईओ और प्रबंध निदेशक नियुक्त किए गए पल्लिया को विश्वस्तर पर कमजोर कारोबारी माहौल में त्वरित और तेज बदलाव पर ध्यान केंद्रित करना पड़ सकता है।

आईटी उद्योग के प्रेक्षकों का मानना है कि डेलापोर्टे के कार्यकाल में विप्रो के कई शीर्ष अधिकारी कंपनी छोड़कर चले गए जिससे कारोबारी गतिविधियां भी प्रभावित हुईं। इनमें कंपनी के मुख्य वित्त अधिकारी (सीएफओ) जतिन दलाल का नाम भी शामिल है जिन्होंने 21 साल के कार्यकाल के बाद कंपनी छोड़ दी थी।

विश्लेषकों का कहना है कि राजस्व के मामले में विप्रो का प्रदर्शन पिछली कई तिमाहियों में आईटी क्षेत्र के औसत प्रदर्शन से कम रहा है लिहाजा सभी की निगाहें नए सीईओ और उनकी तरफ से किए जाने वाले बड़े बदलावों पर लगी रहेंगी।

## योगशाला पूजा

दक्षिण भारत राष्ट्रमत



वेल्लर स्थित श्रीपुरम महालक्ष्मी स्वर्णमंदिर के मठाधीश 'शक्ति अम्मा' ने सैदापेट स्थित श्रीमठ तोपा स्वामीगळ जीवा समाधि मंदिर में महाकुंभाभिषेक आयोजन के तहत योगशाला पूजा में भाग लिया तथा भक्तों को आशीर्वाद प्रदान किया।



# बीदासर परिषद के होली स्नेह मिलन में गूंजी चंग की थाप

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

बेंगलूरु। शहर के अर्हम भवन विजयनगर में बीदासर परिषद का होली स्नेह मिलन का आयोजन किया जिसमें नूतन बैंगानी ग्रुप तथा परिषद सदस्यों ने चंग की धमाल पर होली के गीतों द्वारा सभी का मन मोह लिया। इस मौके पर जादूगर सत्यमूर्ति द्वारा जादू की विशेष प्रस्तुति दी।

अध्यक्ष रितेश दुगड़ ने सभी का अ स्वागत किया। उपाध्यक्ष ओम दुगड़, विनोद दुगड़, मंत्री कमल सिंघी ,कोषाध्यक्ष प्रवीण सिंघी, सहमंत्री दीपक सेठिया,अंशुल गोलेछा, संगठनमंत्री बिकास छाजेड़, पूर्व अध्यक्ष अरविन्दकुमार सिंघी, संस्थापक अध्यक्ष कन्हैयालाल गिड़िया, वरिष्ठ सलाहकारमोहनलाल दुगड़, शोभाचन्द दुगड़ आदि अनेक सदस्यों की परिवारसहित उपस्थिति रही।

## अन्नदान

दक्षिण भारत राष्ट्रमत



सोमवती अमावस्या के मौके पर सुल्तानपेट मैन रोड पर युवा व्यापारियों व मित्रों का समूह 'अन्नप्रसादम ग्रुप' द्वारा अन्नदान किया गया जिसमें लगभग 600 लोगों को भोजन कराया गया।



# इस लोकसभा चुनाव में कोई मोदी लहर नहीं : सिद्दरामैया

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

बेंगलूरु। कर्नाटक के मुख्यमंत्री सिद्दरामैया ने सोमवार को कहा कि इस बार के लोकसभा चुनाव में कोई ''मोदी लहर'' नहीं है और राज्य में कांग्रेस तथा उसकी पांच गारंटी के पक्ष में लोगों में उत्साह है। सिद्दरामैया ने बेंगलूरु दक्षिण लोकसभा क्षेत्र के मतदाताओं से शहर के पेयजल मुद्दों को हल करने और मेकेदातु परियोजना के कार्यान्वयन के लिए भाजपा उम्मीदवार एवं सांसद तेजस्वी सूर्या को हराने का आग्रह किया।

मेकेदातु कर्नाटक द्वारा प्रस्तावित एक बहुउद्देश्यीय (पेयजल और बिजली) परियोजना है, जिसमें रामनगर जिले में कनकपुरा के पास एक संतुलन जलाशय का निर्माण शामिल है। मुख्यमंत्री ने दावा किया कि कांग्रेस और उसकी पांच गारंटी योजनाओं के पक्ष में लोगों में उत्साह है तथा प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के पक्ष में कोई लहर नहीं है।

उन्होंने कहा, उनके (भाजपा) कई उम्मीदवार अपना चेहरा नहीं दिखा सकते, वे मोदी पर निर्भर हैं, उन्हें लगता है कि उन्हें मोदी के नाम पर वोट मिलेंगे, लेकिन इस बार कोई नरेन्द्र मोदी फैक्टर नहीं है। दस साल तक प्रधानमंत्री के रूप में मोदी सभी क्षेत्रों में विफल रहे हैं।

बेंगलूरु दक्षिण में कांग्रेस की पूर्व विधायक सौम्या रेड्डी के पक्ष में लोगों से वोट देने की अपील करते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि सूर्या और अन्य भाजपा सांसदों को वोट मांगने का कोई नैतिक अधिकार नहीं है क्योंकि उन्होंने कभी भी राज्य के प्रति केंद्र के अन्याय का मुद्दा नहीं उठाया।

## मंत्री के घर को 'आधा पाकिस्तान' कहने पर भाजपा विधायक के खिलाफ मामला दर्ज

बेंगलूरु/दक्षिण भारत। कर्नाटक के स्वास्थ्य मंत्री दिनेश गुंडू राव के घर को 'आधा पाकिस्तान' कहने पर भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) विधायक बसनगौड़ा पाटिल यतनाल के खिलाफ मामला दर्ज किया गया है। पुलिस ने यह जानकारी दी। पुलिस के एक अधिकारी ने 'पीटीआई-भाषा' को बताया कि दिनेश गुंडू राव की मुस्लिम पत्नी तबस्सुम राव उर्फ तब्बू राव की शिकायत के आधार पर यतनाल के खिलाफ भारतीय दंड संहिता (आईपीसी) की धारा 153बी के तहत प्राथमिकी दर्ज की गई है। यह धारा दो समूहों के बीच दुश्मनी तथा नफरत पैदा करने वाले कृत्यों से संबंधित है।

यतनाल ने रविवार को कहा था, ''गुंडू राव के घर में पाकिस्तान है। उनके घर में आधा पाकिस्तान है।'' तबस्सुम ने यहां संवाददाताओं से बात करते हुए यतनाल की इस टिप्पणी को लेकर आक्रोश व्यक्त किया और उन्हें आड़े हाथों लिया। तबस्सुम ने कहा, ''मैं नहीं जानती कि बसनगौड़ा पाटिल यतनाल कौन हैं। उन्होंने कहा कि दिनेश गुंडू राव का घर 'आधा पाकिस्तान' है। मुझे कोई अंदाजा नहीं है कि उन्होंने ऐसा क्यों कहा। मैं राजनीति में नहीं हूं।''

उन्होंने कहा, ''क्या ये भाजपा की राजनीति है? वे मुद्दों पर बात कर सकते हैं।

### बढ़ते तापमान से तप रहा कर्नाटक

# अगले एक सप्ताह तक बारिश की संभावना नहीं

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

बेंगलूरु। कर्नाटक में तापमान बढ़ रहा है, तो वहीं बेंगलूरु के निवासियों को गर्मी से राहत मिलने की संभावनाएं नहीं है और भारत मौसम विज्ञान विभाग (आईएमडी) ने अगले एक सप्ताह तक आईटी हब में बारिश नहीं होने का अनुमान व्यक्त किया है। आईएमडी के अनुसार, कर्नाटक के अंदरूनी में हल्की बारिश हुई, लेकिन तटीय क्षेत्रों में मौसम शुष्क रहा।

मौसम विभाग ने मंगलवार को चिकमगलुरु, कोडागु और मैसूर जिले में अलग-अलग स्थानों पर हल्की बारिश होने की संभावना जताई है। राज्य के शेष जिलों में मौसम शुष्क ही रहेगा। आईएमडी ने इसी तरह दस अप्रैल को कोडागु जिले के अलग-अलग स्थानों में हल्की बारिश होने और शेष जिलों में शुष्क मौसम रहने का अनुमान जताया है।

दक्षिण कन्नड़, उत्तर कन्नड़ और उडुप्पी जिले में अगले चार दिन गर्म और आर्द्र मौसम रहने का अनुमान है। इसके अगले दो दिन आंतरिक कर्नाटक के सभी जिलों में अधिकतम तापमान दो से चार डिग्री सेल्सियस तक बढ़ सकता है।

बेंगलूरु में रविवार को 37.2 डिग्री तापमान दर्ज किया गया। शनिवार को राजधानी ने पिछले आठ साल का रिकॉर्ड तोड़ दिया। तब 37.6 डिग्री सेल्सियस तापमान दर्ज किया गया था। आईएमडी के वैज्ञानिक ए. प्रसाद ने कहा कि अगले एक सप्ताह के दौरान राज्य के कुछ हिस्सों में बहुत हल्की बारिश होने की संभावना है।

उनके अनुसार, तटीय कर्नाटक के कुछ हिस्सों, उत्तरी आंतरिक कर्नाटक और दक्षिण आंतरिक कर्नाटक के कुछ जिलों में हल्की बारिश होगी, लेकिन अल नीनो के प्रभाव के कारण राज्य के अधिकतर जिलों में बारिश नहीं होगी। उन्होंने कहा कि राज्य में अप्रैल के महीने में सामान्य से कम बारिश होने की संभावना है। आईएमडी के अनुसार, कोप्पल, रायचूर और कलबुर्गी जिले में अगले दो दिन रात को तापमान अधिक रहेगा। आठ और नौ अप्रैल को उत्तर कन्नड़, बागलकोट, कलबुर्गी, रायचूर, यादगीर और बेल्लारी जिले में लू चलेगी।

राज्य स्वास्थ्य विभाग के अनुसार, कर्नाटक में सात अप्रैल तक गर्मी से संबंधित बीमारी के 569 मामले सामने आए हैं। आईएमडी ने 11 अप्रैल को बीदर, कलबुर्गी, रायचूर, विजयपुरा, यादगीर और कोडागु जिले के अलग-अलग स्थानों पर हल्की बारिश और राज्य के बाकी हिस्सों में शुष्क मौसम की संभावना जताई है। 12 अप्रैल को आंतरिक कर्नाटक में अलग-अलग स्थानों पर हल्की बारिश और तटीय कर्नाटक में शुष्क मौसम रहेगा।

मौसम विभाग के मुताबिक, राज्य के अलग-अलग स्थानों पर 13 अप्रैल को हल्की बारिश होने की संभावनाएं हैं। 14 अप्रैल को चामराजनगर, चिकमगलुरु, हासन, कोडागु, शिवमोग्गा जिले में अलग-अलग स्थानों पर हल्की बारिश और शेष जिलों में शुष्क मौसम रहने का अनुमान है। कर्नाटक के कई हिस्सों में लोगों को भीषण गर्मी का सामना करना पड़ा है। कलबुर्गी जिले में रविवार को राज्य में सबसे अधिक तापमान 42.7 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। शनिवार को तापमान 43.1 डिग्री सेल्सियस और शुक्रवार को 43.3 डिग्री सेल्सियस पर पहुंच गया था। राज्य में बढ़ते हुए तापमान को देखते हुए डॉक्टरों ने लोगों को सलाह दी है कि वे अपने सिर को ढंके बिना बाहर न निकलें और लू से बचने के लिए पर्याप्त मात्रा में पानी पीते रहें।

## कर्नाटक-आंध्र प्रदेश सीमा पर पुलिस ने भारी मात्रा में विस्फोटक जब्त किया

कोलार/दक्षिण भारत। कर्नाटक-आंध्र प्रदेश सीमा पर स्थित एक चौकी पर एक निजी कार से भारी मात्रा में विस्फोटक जब्त कर एक व्यक्ति को गिरफ्तार किया गया है। पुलिस ने सोमवार को यह जानकारी दी। पुलिस ने बताया कि रविवार को कोलार जिले में मुलबागल तालुक के नांगली थानाक्षेत्र में नांगली चौकी पर उसने जिलेटिन की 1200 छड़ें, सात बक्से डिटोनेटर तार एवं छह डिटोनेटर जब्त किये जिन्हें एक निजी कार में ले जाया जा रहा था। उसके अनुसार इस संबंध में एक बदमाश को गिरफ्तार किया गया।

एक वरिष्ठ पुलिस अधिकारी ने कहा, ''हमने इस सिलसिले में एक आरोपी को गिरफ्तार किया है तथा उसके फरार साथी को पकड़ने की कोशिश की जा रही है।'' उन्होंने कहा, ''यहा पता करने के लिए सभी कोणों की जांच की जा रही है कि कहीं यह (सामान) अवैध उत्खनन के लिए तो नहीं ले जाया जा रहा था।''

# केंद्रीय मंत्री की कार के दरवाजे से टकराकर मोटरसाइकिल सवार भाजपा कार्यकर्ता की मौत

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

बेंगलूरु। बेंगलूरु के केआर पुरम में सोमवार को केंद्रीय कृषि राज्य मंत्री शोभा करंदलाजे की कार के खुले दरवाजे से कथित तौर पर टकराने के बाद हुए हादसे में एक मोटरसाइकिल सवार भाजपा कार्यकर्ता की मौत हो गई। पुलिस के मुताबिक, घटना क्षेत्र के गणेश मंदिर के पास हुई। मृतक की पहचान प्रकाश के रूप में हुई है।

करंदलाजे बेंगलूरु-उत्तर सीट से लोकसभा चुनाव लड़ रही हैं। प्रकाश चुनाव प्रचार के दौरान करंदलाजे के काफिले के पीछे चल रहे थे। सूत्रों ने बताया कि मंत्री कार के अंदर थीं और वह चुनाव प्रचार के लिए जा रही थीं। सूत्रों ने बताया कि जैसे ही मंत्री की कार का दरवाजा खुला, प्रकाश उससे टकराकर गिर गया और पीछे से आ रहा एक वाहन उनके ऊपर चढ़ गया।

मंत्री ने कहा कि पीछे से आ रही एक बस ने प्रकाश को कुचल दिया, जिससे उनकी मौके पर ही मौत हो गई। हालांकि, यह स्पष्ट नहीं है कि दरवाजा करंदलाजे ने खोला था या किसी और ने।

बाद में पत्रकारों से बात करते हुए शोभा करंदलाजे ने प्रकाश की मृत्यु पर शोक व्यक्त किया। मंत्री ने संवाददाताओं से कहा, ''हम सभी दुखी हैं।

प्रकाश हमारे समर्पित कार्यकर्ता थे। दुख की इस घड़ी में हम उनके परिवार के साथ हैं। हम अपनी पार्टी के फंड से प्रकाश के परिवार को मुआवजा देंगे।''



# कांग्रेस का घोषणापत्र विभाजन की बीमारी से ग्रसित है : सीटी रवि

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

मैसूरु। भाजपा के तत्काल पूर्व राष्ट्रीय महासचिव और पूर्व राज्य मंत्री सीटी रवि ने आपत्ति जताते हुए कहा कि इस बार कांग्रेस पार्टी के घोषणापत्र पर नजर डालें तो यह विभाजन की बीमारी से ग्रसित नजर आ रहा है। सोमवार को मैसूरु में एक प्रेस कॉन्फ्रेंस को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि आजादी से पहले ब्रिटिश, कांग्रेस और मुस्लिम लीग ने एक त्रिपक्षीय समझौते पर हस्ताक्षर किए थे और भारत को विभाजित किया था। उन्होंने आपत्ति जताई कि आजादी के 75 साल बाद भी बंटवारे की बीमारी कम नहीं हुई है।

उन्होंने कहा कि कांग्रेस बार-बार जाति के नाम पर समाज को, क्षेत्रवाद के नाम पर देश को बांटने की बात कर रहे हैं, संप्रदायवाद को बढ़ावा दे रहे हैं। उन्होंने आलोचना की कि विभाजन की बीमारी उन पर हावी हो गई है। हम देख सकते हैं कि कांग्रेस ने अपनी स्थापना के बाद से समय-समय पर अपनी नीति में बदलाव किया है। एलन ऑक्टेवियो ह्यूम ने कांग्रेस की स्थापना की। उनका इरादा देश को आज़ादी दिलाना नहीं था। उन्होंने विश्लेषण किया कि दो दशकों के बाद यह एक देशभक्तिपूर्ण संगठन और आंदोलन में तब्दील हो गया है।

सीटी रवि ने कहा कि सभी नामांकन पत्र जमा करने के बाद प्रधानमंत्री मोदी 14 अप्रैल को चिक्काबल्लापुर और बेंगलूरु उत्तर लोकसभा क्षेत्रों की चुनाव प्रचार बैठक में भाग लेंगे। चुनाव की सुगबुगाहट और प्रचार का शोर शुरू हो गया है। उन्होंने बताया कि चुनावों की घोषणा के बाद, प्रधानमंत्री ने कलबुर्गी और शिम्मोग्गा में भाजपा अभियान बैठकों को संबोधित किया।

ऐसा लगता है कि कर्नाटक में मुख्यमंत्री सिद्दरामैया भूल गए हैं कि यह लोकसभा चुनाव है। उन्होंने मुख्यमंत्री को चुनौती दी कि जब कांग्रेस केंद्र में सत्ता में थी तब राज्य के लिए किए गए योगदान पर चर्चा करें।

नरेंद्र मोदी ने बताया कि 10 वर्षों में दी गई टैक्स हिस्सेदारी पूरे राज्य के इतिहास में सबसे अधिक है। प्रेस वार्ता में सांसद प्रताप सिन्हा, विधायक श्रीवत्स, नगर प्रवक्ता एमए मोहन, संदेश स्वामी, केबल महेश, महेश राजा अरस, दयानंद पटेल, परीक्षित राजा अरस मौजूद थे।

## राहुल की समानता हर किसी को गरीब बनाती है : बसवराज बोम्मई

गदग/दक्षिण भारत। पूर्व मुख्यमंत्री और हावेरी गदग लोकसभा क्षेत्र से भाजपा उम्मीदवार बसवराज बोम्मई ने कहा है कि कांग्रेस नेता राहुल गांधी का दर्शन सभी को गरीब बनाना और समानता लाना है। लक्ष्मेश्वर में मीडिया से बात करते हुए उन्होंने कहा कि चुनाव अभियान को अभूतपूर्व समर्थन मिल रहा है। समाज के हर वर्ग के लोग खुलकर आ रहे हैं और अपना समर्थन जता रहे हैं। हमारा समर्थन दिन-ब-दिन बढ़ता जा रहा है। लगता है लोगों ने भी फैसला कर लिया है। उन्होंने कहा, ''मुझे बड़े अंतर से जीत का भरोसा है।''

उन्होंने कांग्रेस की गारंटी के बारे में कटु बातें कीं और कहा कि हमारी गारंटी शाश्वत जीवन का निर्माण करने वाली गारंटी है। उन्होंने कहा कि लोगों को रोजगार देने और शाश्वत जीवन के निर्माण की गारंटी मोदी की गारंटी है।

उन्होंने सबका आर्थिक सर्वेक्षण कराकर समानता लाने की बात करने वाले राहुल गांधी पर हमला बोला। उन्होंने कहा कि समानता दो प्रकार की होती है. एक है गरीबों को अमीर बनाकर समानता। दूसरी समानता है जो हर किसी को गरीब बनाती है। राहुल गांधी का समतावादी दर्शन है जो हर किसी को गरीब बनाता है। उन्होंने कहा कि वह हताश हैं और अविश्वसनीय बयान दे रहे हैं।



# केंद्र पर आरोप लगाने वाली बात सिद्दरामैया की चाल : अश्वत्थनारायण

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

मेंगलूरु। बीजेपी के राज्य मुख्य प्रवक्ता अश्वत्थनारायण ने आरोप लगाया कि कांग्रेस के मुख्यमंत्री सिद्दरामैया अपनी कमियों को छिपाने, राज्य में विकास कार्यों की कमी को छिपाने और सत्तारूढ़ पार्टी के विधायकों को अनुदान नहीं देने के लिए केंद्र सरकार की आलोचना कर रहे हैं।

आज मेंगलूरु में भाजपा चुनाव कार्यालय में मीडिया प्रतिनिधियों से बात करते हुए उन्होंने कहा कि उन्होंने सरकार की ओर से दिल्ली में यह कहते हुए सत्याग्रह किया था कि हमारा टैक्स हमारा अधिकार है। राज्यसभा में विपक्ष के नेता कांग्रेस पार्टी के अधीर रंजन चौधरी ने टैक्स में कर्नाटक को मिलने वाली हिस्सेदारी को लेकर सवाल उठाया था। केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने आंकड़ों के साथ-साथ दिए गए जवाब की ओर भी ध्यान खींचा।

वर्ष 2004 से 2014 के बीच यूपीए काल में 83 हजार करोड़ और 2014 से अभी तक पिछले 10 साल में 2 लाख 83 हजार करोड़ रुपये राज्य को दिए गए। नीति आयोग की बैठक में शामिल नहीं हुए सिद्दरामैया ने शिकायत की कि वह सड़क पर बेवजह केंद्र सरकार की आलोचना कर रहे हैं। उन्होंने आपत्ति जताई कि यह तो सतत प्रवाह है।

उन्होंने सवाल किया कि अपने घोषणापत्र में देश में प्रशासनिक बदलाव लाने का दावा करने वाली कांग्रेस पार्टी ने जब पांच दशक से अधिक समय तक देश पर शासन करने का मौका मिला तो क्या किया? उन्होंने पूछा कि क्या यह इंडी गठबंधन का घोषणापत्र है या कांग्रेस का घोषणापत्र है। उन्होंने कहा कि अगर यह कांग्रेस का घोषणापत्र है तो आपने सत्ता के लिए जरूरी सीटों पर चुनाव नहीं लड़ा है। उन्होंने बताया कि टीएमसी, एसपी, बीएसपी और अन्य पार्टियों को सीटें देने के बाद कांग्रेस पार्टी का मुकाबला 150-200 सीटों से ज्यादा नहीं होगा। कांग्रेस के पास सत्ता में आने का कोई मौका नहीं है। इसलिए उन्होंने इसे झूठा आश्वासन बताकर इसकी आलोचना की।

मोदी 80 करोड़ लोगों को 75 लाख मीट्रिक टन अन्न बांट रहे हैं। कांग्रेस के मुताबिक 28 से 30 करोड़ महिलाओं को 1 लाख रुपए देने के लिए 25-30 लाख करोड़ की जरूरत है। उन्होंने सवाल किया कि उसे इतने पैसे कहां से मिलेंगे। उन्होंने मांग की कि आप अपने पैसे का स्रोत बताएं। नए घोषणापत्र में कांग्रेस ने वही कहा जो 1936 में देश के बंटवारे के वक्त मुस्लिम लीग ने अपने घोषणापत्र में कहा था। उन्होंने शिकायत की कि कांग्रेस पार्टी एक नई मुस्लिम लीग की तरह दिखती है। उन्होंने आपत्ति जताई कि कांग्रेस देश के विभाजन और तुष्टीकरण पर जोर दे रही है।

उन्होंने व्याप्त भ्रष्टाचार की ओर ध्यान दिलाया। कांग्रेस पार्टी के विधायकों, कॉन्ट्रैक्टर एसोसिएशन के अध्यक्ष केम्पन्ना ने बताया कि उन्होंने इस पर आपत्ति जताई है। उन्होंने विभिन्न विकास कार्यों की ओर ध्यान आकृष्ट कराया। उन्होंने बताया कि मोदी सरकार ने विकास के मामले में काफी प्रगति की है। उन्होंने कहा कि केंद्र सरकार की उपलब्धियों के आधार पर हमें पूरा भरोसा है कि बीजेपी चुनाव लड़ेगी और 370 से ज्यादा सीटें हासिल करेगी और एनडीए 400 से ज्यादा सीटें हासिल करेगी। इस मौके पर पूर्व विधान परिषद मुख्य सचेतक कैप्टन गणेश कार्णिक, जिला अध्यक्ष सतीश कुंपाला आदि उपस्थित थे।

# मोदी सरकार ने बेंगलूरु इन्फ्रा के लिए 1.3 लाख करोड़ की परियोजनाओं को मंजूरी दी है : तेजस्वी सूर्या

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

बेंगलूरु। बेंगलूरु दक्षिण से भाजपा उम्मीदवार तेजस्वी सूर्या ने कहा कि नरेंद्र मोदी के नेतृत्व वाली केंद्र सरकार ने पिछले पांच वर्षों में बेंगलूरु शहर के व्यापक विकास के लिए 1.30 लाख करोड़ रुपये से अधिक का आवंटन किया है।

बोम्मनहल्ली विधानसभा क्षेत्र के इब्लूर में सन सिटी अपार्टमेंट के निवासियों के साथ एक बातचीत करते हुए संबोधित करते हुए, सूर्या ने कहा, पिछले पांच वर्षों में, केंद्र सरकार की कई महत्वपूर्ण परियोजनाएं बेंगलूरु में लागू की गई हैं। उन्होंने शहर में यातायात की भीड़ को कम करने के लिए केंद्र द्वारा अनुमोदित नम्मा मेट्रो लाइनों, बेंगलूरु उपनगरीय रेल परियोजना और सैटेलाइट टाउन रिंग रोड परियोजनाओं के विस्तार पर प्रकाश डाला। इसके अतिरिक्त, केंद्र सरकार ने बीएमटीसी को 1,500+ इलेक्ट्रिक बसें प्रदान की हैं।



सूर्या ने उल्लेख किया कि आतंकवाद विरोधी गतिविधियों की जांच और मुकाबला करने के लिए, केंद्र से उनके अनुरोध पर शहर में एक पूर्ण एनआईए कार्यालय स्थापित किया गया है। हाल ही में हुए रामेश्वरम कैफे विस्फोट मामले की जांच फिलहाल एनआईए कर रही है। उन्होंने इस बात पर भी जोर दिया कि मोदी सरकार अमेरिकी वाणिज्य दूतावास को बेंगलूरु ले आई, जो पूर्व मुख्यमंत्री एसएम कृष्णा के समय से लंबे समय से लंबित मांग थी।

कोविड-19 महामारी के दौरान किए गए प्रयासों को याद करते हुए, सूर्या ने कहा, बेड बुकिंग प्रणाली में अनियमितताओं की पहचान करने के बाद, 100 घंटों के भीतर गंभीर रोगियों के लिए 4,026 से अधिक बिस्तर उपलब्ध कराए गए। निर्वाचन क्षेत्र में स्वास्थ्य देखभाल पहल के बारे में, सूर्या ने बताया कि बेंगलूरु दक्षिण में जन औषधि केंद्रों की संख्या 2019 में 14 से बढ़कर 2024 में 120 हो गई है, जिससे यह देश में सबसे अधिक स्वास्थ्य केंद्रों वाला निर्वाचन क्षेत्र बन गया है। सूर्या ने निर्वाचन क्षेत्र के समर्थन पर भरोसा जताया और कहा, लोगों ने मुझे अपना माना है और एक बार फिर उनकी सेवा करने के लिए मुझे आशीर्वाद देंगे। इस कार्यक्रम में बोम्मनहल्ली के विधायक सतीश रेड्डी और सन सिटी अपार्टमेंट के पदाधिकारी उपस्थित थे।



### स्वागत

बेंगलूरु में केपीसीसी अध्यक्ष एवं उपमुख्यमंत्री डीके शिवकुमार ने सोमवार को केपीसीसी कार्यालय में सेवानिवृत्त आईएएस अधिकारी दिवंगत के शिवरामू की पत्नी वाणी शिवरामू, जो भाजपा नेता भी थीं, आरआर नगर की पूर्व नगरसेवक रूपा लिंगेश, मडिवाला समुदाय के नेता गोपी कृष्ण, चलावाड़ी समुदाय के कई नेता सहित कांग्रेस पार्टी में शामिल हो गईं।

# लिंगायत संत ने प्रह्लाद जोशी के खिलाफ चुनाव लड़ने की घोषणा की

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

बेंगलूरु। प्रमुख वीरशैव लिंगायत संत एवं शिरहट्टी फक्किरेश्वर मठ के फकीरा दिंगलेश्वर स्वामी ने सोमवार को कहा कि उन्होंने आगामी लोकसभा चुनाव में कर्नाटक के धारवाड़ क्षेत्र से निर्दलीय उम्मीदवार के रूप में चुनाव लड़ने का फैसला किया है।

इस सीट से भाजपा के उम्मीदवार और केंद्रीय मंत्री प्रह्लाद जोशी पर निशाना साधते हुए लिंगायत संत ने उन पर ''वीरशैव-लिंगायत और अन्य समुदायों को दबाने'' और सत्ता में बने रहने के लिए लिंगायत मठ का दुरुपयोग करने का आरोप लगाया।

दिंगलेश्वर स्वामी ने आरोप लगाया, ''मैं धारवाड़ लोकसभा सीट से निर्दलीय उम्मीदवार के तौर पर अपनी उम्मीदवारी की घोषणा कर रहा हूं। जैसा कि आप जानते हैं कि राष्ट्रीय पार्टियों ने अपने उम्मीदवारों की घोषणा कर दी है तथा धारवाड़ निर्वाचन क्षेत्र और आसपास के क्षेत्रों में लोगों को लगता है कि दोनों 'पार्टियां मैच फिक्सिंग' की तरह 'चुनाव फिक्सिंग' कर रही हैं।''

संत की घोषणा के बाद भाजपा उम्मीदवार जोशी ने कहा, ''दिंगलेश्वर स्वामी पर कोई प्रतिक्रिया नहीं देना चाहता...वह जो भी कहते हैं वह मेरे लिए आशीर्वाद जैसा है।'' दिंगलेश्वर स्वामी ने संवाददाताओं से बातचीत में कांग्रेस पर सत्ता में आने के बाद लिंगायतों की उपेक्षा करने और समुदाय के योग्य नेताओं को उपयुक्त पद नहीं देने का भी आरोप लगाया।

RNI No. 58061/93. Regn No.:
RNP/KA/BGS/2050/2018-2020
Posted at Bengaluru PSO
Mysore Road Bengaluru-560 026.

**सामाजिक सेवाकार्य में रुचि वही ले सकता है जिसमें सेवाभाव दिल की गहराइयों तक समाया हुआ हो। भारतीय महिला प्रतियोगिता मिसेज इंडिया की प्रतिष्ठित प्रतिभागी संस्कृति जायसवाल बेंगलूरु (कर्नाटक) से नाम रोशन कर रही हैं।**



## हाई लाइफ प्रदर्शनी में फैशन, स्टाइल, डेकोर और लग्जरी आइटम्स के लिए खास आकर्षण

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

बेंगलूरु/दक्षिण भारत। फैशन और लाइफ स्टाइल के लिए मशहूर हाई लाइफ प्रदर्शनी में रौनक छाई हुई है। यह 7 अप्रैल को द ललित अशोक में शुरू हुई थी, जिसमें बड़ी तादाद में ग्राहकों ने खरीदारी की। बताया गया कि यह आयोजन 9 अप्रैल को संपन्न होगा।


यहां फैशन, स्टाइल, डेकोर और लग्जरी आइटम्स को लेकर लोगों में खास आकर्षण है। इसमें सुबह 10 बजे से लेकर रात 8 बजे तक खूब चहल-पहल रहती है और ग्राहक अपनी मनपसंद चीजें खरीदते हैं।

प्रदर्शनी में 250 से ज्यादा जानेमाने डिजाइनरों के प्रॉडक्ट उपलब्ध हैं, जिनमें परिधान, आभूषण, दुल्हन के परिधान, फैशन एक्सेसरीज़ आदि शामिल हैं।

## 'एक शाम गुरु शांति के नाम' भक्ति संध्या की तैयारियां जोरों पर

### 19 मई को होगा आयोजन

बेंगलूरु/दक्षिण भारत । स्थानीय शांति गुरुभक्त परिवार द्वारा आगामी मई 19 को दक्षिण शांतिसूरि धाम, अरसीकेरे में आयोजित 'एक शाम गुरु शांति के नाम' भक्ति संध्या के संदर्भ में गोड़वाड़ भवन में तैयारियों पर चर्चा की गई तथा विभिन्न समितियों का गठन किया गया। पृथ्वीराज मेहता के मंगलाचरण के पश्चात पंकज श्रीमाल, यश पोरवाल, प्रकाश राठोड, पुनीत हीरावत, विशेष पुनमिया, उमेश भंडारी एवं कुशल बछावत ने गुरु कीर्तन प्रस्तुत किए। मीठालाल पावेचा ने कार्यक्रम का संचालन करते हुए कार्यक्रम की रुप रेखा बताई। बैठक में विभिन्न व्यवस्थाओं पर चर्चा करते हुए संयोजक विनोद मुणोत एवं सहसंयोजक विजयकुमार सुराना ने बताया के 19 मई को सुबह एक शोभायात्रा निकाली जाएगी, तत्पश्चात वेलूर शांति मंडल द्वारा अष्टप्रकारी पूजा पढाई जायेगी। शाम राजनांदगाव से भावेश बैद, मुंबई से सुभाष पोरवाल एवं बरलूट से युगल जोडी प्रिया प्रीति द्वारा विराट भक्ति संध्या का आयोजन रहेगा। सभा में महावीर चुत्तर, चेतनप्रकाश, उदय सिंघी, महावीर मेहता, छगनलाल, अनिल, दीपेश, विशाल, धर्मीचंद ओस्तवाल, नवरतन पुनमिया, शांतिलाल चुत्तर, विजय गुलेचा को अलग अलग समितियो मे नियुक्त किए गए।










## संस्कृति जायसवाल के दिल के करीब हैं सामाजिक सेवाकार्य

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

बेंगलूरु। सामाजिक सेवाकार्य में रुचि वही ले सकता है जिसमें सेवाभाव दिल की गहराइयों तक समाया हुआ हो। भारतीय महिला प्रतियोगिता मिसेज इंडिया की प्रतिष्ठित प्रतिभागी संस्कृति जायसवाल बेंगलूरु (कर्नाटक) से नाम रोशन कर रही हैं। होट मॉड फाइनलिस्ट के रूप में संस्कृति ने महिला सशक्तिकरण के क्षेत्र में कई अद्भुत एवं उल्लेखनीय सामाजिक सेवाकार्य किए हैं, जैसे महिला सफाई कर्मचारियों को सेनेटरी पैड बाँटना, महिला पुलिसकर्मियों के साथ भोजन साझा करना, उनके प्रशासनिक दायित्व के साथ साथ सामाजिक दायित्व पर वैचारिक मंथन करना जैसे उनके योगदान महिलाओं के लिए प्रेरणास्पद हैं और उनकी नेतृत्व क्षमता को उजागर करते हैं। इतना ही नहीं, प्रकृति को लेकर भी संस्कृति जायसवाल काफी सजग हैं। उन्होंने बेंगलूरु के कई क्षेत्रों में बड़े पेड़ों को काटे जाने से बचाया। बहुत से लोग उनके खिलाफ थे लेकिन फिर भी उन्होंने पेड़ों और पर्यावरण को बचाने में कामयाबी हासिल की।



पेड़ों की कटाई के खिलाफ उनका सशक्त विरोध प्रभावशाली रहा और उन्होंने अपने लक्ष्य में सफलता प्राप्त की। उनकी मानवीय सेवा का योगदान शांति सजन रिसर्च एंड चैरिटेबल ट्रस्ट जैसे संगठनों के माध्यम से भी होता रहा है। यह ट्रस्ट बिहार के नवादा जिले में अस्पताल बनाने में सहायता प्रदान कर रहा है।संस्कृति ने बताया कि उन्होंने अपने सामाजिक कार्यों हेतु संयम एंटरप्राइजेज प्रतिष्ठान के माध्यम से अनुदान भी जुटाया।

इन सभी कार्यों के द्वारा संस्कृति जायसवाल ने एक शानदार नेतृत्व का परिचय दिया है जो समाज के उत्थान के लिए समर्पित है और अनुकरणीय प्रयास है।





## भारतीय भाषाओं की भूमिका के महत्त्व पर जानकारी देते हुए प्रोत्साहित किया

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

बेंगलूरु/दक्षिण भारत। केनरा बैंक के प्रधान कार्यालय के सहयोग से 5 अप्रैल को क्राइस्ट विश्वविद्यालय ने 'अंतर महाविद्यालय हिंदी संगोष्ठी व अनुवाद प्रतियोगिता' का आयोजन किया। इस अवसर पर हिंदी विभाग प्रमुख डॉ. सेबास्टियन केए ने सबका स्वागत किया। संगोष्ठी में पहला सत्र 'विभिन्न सरकारी कार्यालयों / बैंकों / उपक्रमों में हिंदी भाषा के माध्यम से रोज़गार के अवसर' केनरा बैंक के सहायक महाप्रबंधक ई रमेश द्वारा, दूसरा सत्र 'हिंदी पत्रकारिता और जनसंचार में रोज़गार की व्यापक संभावनाएं' वरिष्ठ प्रबंधक मयंक पाठक और तीसरा सत्र 'हिंदी में उच्चतर शिक्षा और रोज़गार की संभावनाएं' जैन विश्वविद्यालय के सहायक प्राध्यापक डॉ. भंवर सिंह शक्तावत द्वारा लिया गया।

उद्घाटन समारोह में क्राइस्ट विवि के कला एवं मानविकी के डीन डॉ. जॉन जोसेफ कैनेडी पी ने कहा कि मुझे विश्वास है कि आज की यह संगोष्ठी हमारे विद्यार्थियों के ज्ञान में वृद्धि करेगी। विभिन्न वक्ताओं द्वारा दिए गए मार्गदर्शन से विद्यार्थियों के भविष्य और करियर का मार्ग प्रशस्त होगा।

एसवी विश्वविद्यालय, तिरुपति के विभागाध्यक्ष डॉ. राम प्रकाश ने देश के विकास में भारतीय भाषाओं की भूमिका के महत्त्व पर प्रकाश डालते हुए प्रतिभागियों को संबोधित तथा प्रोत्साहित किया। महाप्रबंधक टीके वेणुगोपाल ने मुख्य संबोधन में कहा कि केनरा बैंक राष्ट्रीय प्राथमिकताओं में सक्रिय रूप से योगदान देते हुए विद्यार्थियों के लिए देशविदेश में शिक्षा के लिए न्यूनतम ब्याज़ दर पर शिक्षा ऋण उपलब्ध करा रहा है।



## मैसूरु साधुमार्गी जैन संघ की बैठक में हुई चातुर्मास पर चर्चा

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

मैसूरु। साधुमार्गी जैन संघ की साधारण सभा संघ के अध्यक्ष सुरेशकुमार दक की अध्यक्षता में समता भवन में आयोजित हुई।

इस मौके पर चातुर्मासिक व्यवस्था संबंधित सभी विषयों पर चर्चा की गई। कार्यक्रम में संघ उपाध्यक्ष नेमीचंद श्रीमाल, राजेन्द्रकुमार भंसाली, सहमंत्री राकेश श्रीमाल, अखिल भारतवर्षिय साधुमार्गी जैन समता युवा संघ कोषाध्यक्ष अनिल पोरवाड़, अनिल देसरला, समरथमल दक, खुशवंत पोरवाड़ व संघ सचिव सुशीलकुमार नंदावत ने चातुर्मास के संबंध में चर्चा की।



## सोमवती अमावस्या पर जिनकुशलसूरी आराधना भवन में हुई स्नात्र पूजा

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

बेंगलूरु। शहर के जिनकुशलसूरी जैन दादावाड़ी ट्रस्ट के तत्वावधान में अखिलभारतीय खरतरगच्छ महिला परिषद बेंगलूरु शाखा के सदस्यों द्वारा साध्वीश्री सुलोचनाश्री की शिष्याओं की निश्रा में आराधना भवन में सोमवती अमावस्या के मौके पर स्नात्र पूजा का आयोजन किया गया। लाभार्थी सुशीला नाहटा, शिल्पा ललवाणी, कविता गुलेच्छा, सविता चोरडिया, संगीता पारख सुमिता जैन ने विधि विधान से पूजा करवाई। पूजा में लाभार्थी परिवार सहित बड़ी संख्या में महिला श्रद्धालु उपस्थित थीं। परिषद की अध्यक्ष आरती जैन ने स्नात्र पूजा में पधारे सभी भक्तों का आभार जताया। परिषद की मंत्री रेखा चोपड़ा ने बताया कि आगामी महावीर जयंती पर परिषद द्वारा झांकी का आयोजन किया जाएगा। यह जानकारी परमेश्वरी संखलेचा ने दी।




## अग्रवाल महिला मंडल ने धूमधाम से मनाया गणगौर महोत्सव

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

बेंगलूरु। शहर के अग्रवाल समाज कर्नाटक की शाखा अग्रवाल महिला मंडल ने राजाजीनगर स्थित होटल के सभागार में रविवार को गणगौर महोत्सव का आयोजन बडी धूमधाम से किया। इस महोत्सव का शुभारंभ अग्रवाल समाज के अध्यक्ष रतनलाल सिंघल, सचिव सतीश गोयल एवं महिला मंडल की अध्यक्षा अंजू अग्रवाल, नीरू तायल, पुष्पा अग्रवाल, सुशीला गोयल, सुरेन्द गोयल ने दीप प्रज्ज्वलित किया। महिलाओं द्वारा राजस्थानी परम्परा के साथ गणगौर गीतों की प्रस्तुति के साथ नृत्य से सभी उपस्थितों को भावविभोर किया। अग्रवाल समाज के अध्यक्ष रतनलाल सिंघल ने महिला मंडल को बधाई दी। इस मौके पर संजय अग्रवाल, संजय तायल, रवि तायल, मदनलाल अग्रवाल, अंकित मोदी, गणेश मित्तल, विमल डबरीवाल आदि उपस्थित रहे।



## 'अन्वेषण' प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता में कन्याओं ने दिखाई प्रतिभा

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

बेंगलूरु। शहर के तेरापंथ महिला मंडल विजयनगर के अंतर्गत तेरापंथ कन्या मण्डल,विजयनगर द्वारा 'अन्वेषण' (तेरापंथ धर्मसंघ की साध्विप्रमुखाओं के जीवनदर्पण पर आधारित प्रश्नोत्तरी) आयोजित की गई। कन्या मण्डल की संयोजिका ध्वनि गन्ना ने सभी का स्वागत किया। कन्या मण्डल की कन्याओं ने महाश्रमण अष्टकम द्वारा मंगलाचरण किया। तत्पश्चात लिखित प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता में 10 प्रतिभागियों ने भाग लिया। अध्यक्षा मंजू गादिया ने कन्याओं का उत्साहवर्धन करते हुए कहा कि सभी कार्यक्रमों में भाग लेकर अपनी प्रतिभा को और निखरें। महिला मंडल की उपाध्यक्षा सुमित्रा बरडिया ने कन्याओं के हुनर को सामने लाने के लिए प्रोत्साहित किया। सभी विजेताओं को पुरस्कृत किया गया। मंडल की प्रभारी मोनिका गांधी ने विजेताओं के नाम घोषित किए। मंडल की सह संयोजिका प्रियल बाबेल ने धन्यवाद दिया। संयोजिका जान्हवी कावड़िया ने संचालन किया।



## जोधपुर एसोसिएशन के होली मिलन में हुआ हास्य कवि सम्मेलन

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

बेंगलूरु। स्थानीय जोधपुर एसोसिएशन का होली स्नेह मिलन एवं हास्य कवि सम्मेलन का आयोजन सुसवाणी माता मंदिर में किया गया। पूर्व मंत्री सज्ञनराज मेहता ने बताया कि स्नेह मिलन में शहर के अनेक जाने माने कवियों ने हास्य, व्यंग्य, होली संदेश, त्यौहारों की महत्ता पर चुनिन्दा रचनाओं से श्रोताओं का मन मोह लिया। अध्यक्ष राजेंद्र सिंघी ने स्वागत करते हुए होली की शुभकामनाएं दी। अंजू दुगड़ एवं महिलाओं के समूह ने सामूहिक मंगलाचरण किया। शशि सिंघी एवं समूह ने होली पर गीतिका पेश की। मंत्री जितेंद्र दुगड़ नूतन डायरेक्टरी के अनुभव साझा किये ।सभी कवियों एवं प्रायोजक सरला-गोपाल राठी तथा प्रेमलता-प्रदीप चौरड़िया और कविता-राजेन्द्र चौरड़िया परिवार का सम्मान अध्यक्ष, मंत्री, संरक्षक धीरेंद्रकुमार सिंघी, सहमंत्री कमलराज भंडारी,पूर्व मंत्री कैलाश भंसाली ने किया । समूचे कार्यक्रम का संचालन अंजू दुगड़ एवं मंत्री जितेन्द्र दुगड़ ने किया। कोषाध्यक्ष प्रशान्त सिंघी, राजेश भंडारी, नरेन्द्र भण्डारी, महेन्द्र मेहता एवं पंकज मेहता ने व्यवस्था संभाली।

## प्रधानमंत्री मोदी के समर्थकों ने अमेरिका के 16 से अधिक शहरों में रैली निकाली

वाशिंगटन। अमेरिकी राजधानी में ऐतिहासिक राष्ट्रीय स्मारक और लिंकन स्मारक से लेकर ईस्ट कोस्ट में प्रतिष्ठित गोल्डन ब्रिज तक प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के सैकड़ों समर्थकों ने आगामी लोकसभा चुनावों में उनकी जीत के लिए रैलियां कीं और भाजपा के नेतृत्व वाले गठबंधन के 400 से ज्यादा सीट जीतने की उम्मीद जताई। 'ओवरसीज फ्रेंड्स ऑफ बीजेपी (ओएफबीजेपी) यूएसए' द्वारा रविवार को 'मोदी का परिवार मार्च' रैलियों का आयोजन किया गया था। एक मीडिया विज्ञप्ति में रविवार को कहा गया कि प्रधानमंत्री मोदी के दोबारा चुनाव और भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के नेतृत्व वाले राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (एनडीए) के भारत में आगामी लोकसभा चुनावों में 400 से अधिक सीटें जीतने के समर्थन में 16 से अधिक शहरों में प्रमुख स्थानों पर रैलियां आयोजित की गईं।

ओएफबीजेपी-यूएसए के अध्यक्ष अदापा प्रसाद ने कहा, भारत के विभिन्न राज्यों, कश्मीर से केरल और महाराष्ट्र से लेकर पूर्व का प्रतिनिधित्व करने वाले भारतीय अमेरिकी समुदाय के सदस्य अमेरिका के 16 से अधिक शहरों में प्रमुख स्थानों पर 'मोदी का परिवार' के रूप में मार्च करने के लिए जुटे।

## होली स्नेह मिलन में सदस्यों ने खेली फूलों की होली

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

बेंगलूरु। स्थानीय कर्नाटक मारवाड़ी समाज द्वारा कनकपुरा रोड स्थित रिसोर्ट में होली स्नेह मिलन का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में सदस्य परिवार की महिलाओं व बच्चों द्वारा अनेक सांस्कतिक व फ़ैशन शो, अंताक्षरी व फूलों की होली खेलकर आनन्द लिया।



इस अवसर पर संस्था के सदस्यों के माता-पिता का भी सम्मान किया गया। रिंकेश बेरोलिया, प्रभात यादुका, मनोज पोद्दार, राकेश जिंदल, पिंटू अग्रवाल, तरुण चाँदगोठिया, मोहित तुल्सयान और संदीप पोद्दार सहित महिला विंग ने व्यवस्था संभाली। रंजन भावसिंका ने अंताक्षरी में जज भी भूमिका निभाई। अध्यक्ष विकास चंद्रा ने सभी का स्वागत किया। सदस्य आनन्द गिन्डोरिया, बिमल सरावगी, आनन्द अग्रवाल, आनंद पोद्दार, प्रवीण तुल्सयान, प्रशांत टिबरेवाल एवं अभिमन्यु छापोलिया आदि उपस्थित थे।

## पत्नी के खिलाफ झूठे आरोप लगाने पर पति को 80 कोड़े मारने की सजा सुनाई

कराची। पाकिस्तान की एक अदालत ने सिंध प्रांत में एक व्यक्ति को अपनी बच्ची के पितृत्व को अस्वीकार करने और अपनी पूर्व पत्नी पर व्यभिचार का झूठा आरोप लगाने के लिए 80 कोड़े मारने की सजा सुनाई है।

मीडिया में आयी खबरों में इसकी जानकारी दी गयी है । 'डॉन' अखबार ने सोमवार को एक रिपोर्ट में कहा कि अतिरिक्त जिला एवं सत्र न्यायाधीश (मालिर) शहनाज बोह्यो ने फरीद कादिर को अपनी बच्ची के पितृत्व को अस्वीकार करने तथा पूर्व पत्नी के खिलाफ झूठे आरोप लगाने के अपराध का दोषी ठहराया। अदालत ने आदेश में कहा, यह बिल्कुल स्पष्ट है कि आरोपी झूठा है और उसने शिकायतकर्ता पर उसकी बेटी के पितृत्व के संबंध में कज़्फ़ (व्याभिचार) का आरोप लगाया था... इसलिए आरोपी को दोषी ठहराया जाता है और कज़्फ़ अध्यादेश, 1979 की धारा 7(1) के तहत 80 कोड़े मारने की सजा सुनाई जाती है।

Printed& Published by Devendra Sharma on behalf of owners M/s. New Media Company, 6/4 , Ist floor, Cantonment station road, Bengaluru-51 and printed at Dinasudar Printing Division, 116, Queens Road, Bengaluru-560052. **Editor-Shreekant Parashar**,
(*Responsible for selection of news under PRB Act.)
Reproduction of any matter from this newspaper in whole or in part or any such manner without prior written permission from the publisher is strictly prohibited and punishable by law.
HEAD OFFICE : DAKSHIN BHARAT RASHTRAMAT, New Media Company, 6/4, Cantonment Station Road, Bangalore 560051. Editorial : 080-25363030 / 9945488003. For Advertisement : 9945488002 - email : news@dakshinbharat.com